दिन– मंगलवार

दिनांक– 07 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार मृत रैयतों की जमाबंदी स्वयं अपडेट करेगी। अपर समाहर्ता और भूमि सुधार उपसमाहर्ता हर महीने करेंगे अंचलवार समीक्षा।

02. केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– सहकारिता मंत्रालय ने पिछले पांच वर्षों में लगभग तीस करोड़ लोगों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया।

03. प्रदेश के विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए सीजीपीए की बाध्यता खत्म।

04. और, मौसम विभाग ने आज कटिहार, किशनगंज, बांका, भागलपुर और पश्चिम चंपारण जिले में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

राज्य सरकार मृत रैयतों की जमाबंदी स्वयं अपडेट करेगी। ऐसे रैयतों के उत्तराधिकारियों को अपने नाम से दाखिल–खारिज कराने के लिए अब अंचलों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये हैं। विभागीय मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि अपर समाहर्ता और भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रत्येक महीने के पहले सप्ताह में अंचलवार समीक्षा करेंगे। श्री जायसवाल ने बताया कि राजस्व कर्मचारी जन्म–मृत्यु निबंधन अभिलेख, चौकीदारी रिपोर्ट, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर मृत जमाबंदी धारकों की पहचान करेंगे। यह कर्मचारी आवश्यक जांच के बाद उत्तराधिकारियों से सम्पर्क कर दस्तावेज प्राप्त करेंगे।

———————————————————————

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सहकारिता मंत्रालय ने पिछले पांच वर्षों में सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लगभग तीस करोड़ लोगों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया है। नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष दो हजार इक्कीस में स्थापित इस मंत्रालय ने सहकारिता तंत्र को आधुनिक, पारदर्शी, प्रौद्योगिकी–आधारित और प्रतिस्पर्धी बनाया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों– पैक्स की भूमिका का विस्तार किया है। इससे वे साझा सेवा केंद्रों के माध्यम से तीन सौ से अधिक सेवाएं प्रदान कर सकेंगी।

———साउंड बाईट———

श्री शाह ने एक राष्ट्रीय रैंकिंग ढांचा शुरू करने की भी घोषणा की। इसके अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली सहकारी समितियों को मान्यता दी जाएगी और उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा।

———————————————————

प्रदेश के सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए सात दशमलव पांच सीजीपीए की बाध्यता खत्म कर दी गयी है। लोक भवन के अनुसार संबंधित पाठ्यक्रम के अध्यादेश में संशोधन कर यह शर्त खत्म की गयी है। संशोधन के बाद अब छह सेमेस्टर पूरा करने वाले सभी विद्यार्थियों को सातवें सेमेस्टर यानी चौथे वर्ष में प्रवेश मिलेगा। किसी भी विद्यार्थी को केवल कम सीजीपीए के कारण चौथे वर्ष में जाने से नहीं रोका जायेगा। इस बारे में राज्यपाल सह कुलाधिपति के प्रधान सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि संशोधित अध्यादेश को राज्यपाल की स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही सभी विश्वविद्यालयों को इसके अनुरूप कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

———————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर पार्क या सड़कें बनायी जायेंगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इस संबंध में जानकारी देते हुये कहा है कि राष्ट्र निर्माण में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराने के लिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रत्येक जिले में स्थानीय प्रशासन उपलब्ध भूमि और आवश्यकताओं के आधार पर किसी पार्क या सड़क का चयन करेगा। आवश्यकता पड़ने पर नये पार्क या सड़क का भी निर्माण कराया जायेगा। इधर, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————

प्रदेशभर में आज सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज अररिया जिले के फरबीसगंज प्रखंड की हरिपुर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लेंगे। इस दौरान वे लोगों की समस्याएं सुनेंगे। गौरतलब है कि आज लोगों की समस्याओं के प्रभावी और समयबद्ध समाधान के लिए प्रदेश के सभी प्रखंडों में प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति शिकायत या समस्या के लिए सहयोग हेल्पलाईन–एक एक शून्य शून्य या सहायोग पोटर्ल पर सम्पर्क कर सकते हैं।

———————————————————

विधानसभा के मॉनसून सत्र से पहले ग्यारह और बारह जुलाई को गयाजी में विधायकों का दो दिवसीय प्रबोधन होगा। विधानसभ अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में लोक सभा की संस्था प्राईड के प्रशिक्षक विधानसभा सदस्यों को विधायी कार्यों के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देंगे।

———————————————————————

बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। कल नामांकन के पहले दिन राष्ट्रीय जनसम्भावना पार्टी के प्रत्याशी उपेन्द्र सहनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रत्याशी तेरह जुलाई तक नामांकन कर सकेंगे। मतदान तीस जुलाई को होगा। वहीं, मतों की गिनती तीन अगस्त को होगी। उपचुनाव के लिए राजद ने रेखा कुमारी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, एनडीए की ओर से अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। इस सीट से जन सुराज पार्टी से प्रशांत किशोर ने भी चुनाव लड़ने की घोषणा की है। गौरतलब है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में मंत्री अशोक चौधरी का बयान उनकी निजी राय है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने स्पष्ट किया है कि यह पार्टी या सरकार की राय नहीं है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में पत्थर भू–खंडों की बंदोबस्ती अब ई–नीलामी सह निविदा के माध्यम से करायी जायेगी। राज्य सरकार ने इस कार्य की जिम्मेदारी जिला समाहर्ताओं को देने का निर्णय लिया है। खान और भू–तत्व विभाग के अनुसार अब खनन पट्टों का आधार मूल्य पहले की तुलना में अधिक होगा। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक खनन पट्टे में उपलब्ध पत्थर की वास्तविक मात्रा के आधार पर न्यूनतम सुरक्षित मूल्य निर्धारित किया जायेगा। इससे ई–नीलामी में प्रतिस्पर्धा बढ़ने और अधिक राजस्व मिलने की सम्भावना है।

———————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक राज्य में बारिश की

परिस्थितियां बनी रहेंगी। विभाग ने आज कटिहार और किशनगंज जिले में अत्यधिक भारी बारिश जबकि बांका, भागलपुर और पश्चिम चंपारण जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर में सबसे अधिक सैंतालीस दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

————————————————————————

प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों पर हेलीकॉप्टर से पर्यटन के नाम पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पर्यटन विभाग ने मामले पर संज्ञान लेते हुये कहा है कि हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा पन्द्रह जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए ऑनलाईन बुकिंग का लिंक अभी तक लाईव नहीं हुआ है। इस संबंध में बिहार पर्यटन और बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार्य किये जायेंगे। विभाग ने लोगों से थर्ड पार्टी वेबसाईट या एजेंट के माध्यम से बुकिंग या भुगतान नहीं करने की अपील की है।

————————————————————————

मुंगेर जिले के तारापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर से संपर्क में रहकर आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से एक देसी पिस्टल और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी कुमार देवेंद्र ने बताया कि मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

———साउंड बाईट———

आरोप है कि मिलकी खानपुर निवासी मोहम्मद सद्दाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी गैंगस्टर से संपर्क में था, जो बिहार एटीएस से जुड़े एक मामले में भी नामजद है।

————————————————————————

निगरानी जांच की टीम ने धनरूआ अंचल कार्यालय के लिपिक शैलेश कुमार को पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लिपिक परिमार्जन प्लस के तहत जमीन के कागजात ऑनलाईन अपलोड करने के लिए रिश्वत ले रहा था।

————————————————————————

भोजपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रदेश में शराबबंदी कानून समाप्त होने की भ्रामक खबर फैलाने के मामले में आरा के साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। भोजपुर पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि भ्रामक वीडियो में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश

कुमार के पुराने भाषण की आवाज को एआई से एडिट कर यह झूठा दावा किया गया था।

———————————————————————————

जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश के विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया है। टीम में पहली बार तेज गेंदबाज यश ठाकुर और अशोक शर्मा को भी शामिल किया गया है। तेईस जुलाई से शुरू हो रहे इस दौरे में तीन टी–ट्वेंटी मैच खेले जायेंगे। श्रेयश अय्यर भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

इधर, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी–ट्वेंटी मैचों की श्रृंखला का तीसरा मुकाबला आज नॉटिंघम में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार रात दस बजे शुरू होगा।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– चंपत राय को राम–राम, कृष्ण मोहन को कमान।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– राम ट्रस्ट कृष्ण भरोसे।

प्रभात खबर लिखता है– बीआरओ के फंड के गबन से जुड़े मामले में बिहार समेत ग्यारह राज्यों में सीबीआई का छापा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बिहार के मॉडल स्कूलों में शामिल की जायेंगी, राजस्थान की विशिष्टताएं।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– मानहानि केस में बेतिया कोर्ट ने प्रशांत किशोर को किया तलब।

आज अखबार की सुर्खी है– समक्षमता पास नियोजित शिक्षक बनेंगे विशिष्ट शिक्षक।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार मृत रैयतों की जमाबंदी स्वयं अपडेट करेगी। अपर समाहर्ता और भूमि सुधार उपसमाहर्ता हर महीने करेंगे अंचलवार समीक्षा।

02. केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– सहकारिता मंत्रालय ने पिछले पांच वर्षों में लगभग तीस करोड़ लोगों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया।

03. प्रदेश के विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए सीजीपीए की बाध्यता खत्म।

04. और, मौसम विभाग ने आज कटिहार, किशनगंज, बांका, भागलपुर और पश्चिम चंपारण जिले में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।